बी.कॉम. (कम्प्यूटर एपलिकेशन) तथा बी.कॉम. आनर्स प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्वागत एवम् परिचय समारोह

"जिन्दगी में आई. सी. टी. का बहुत महत्त्व है– प्रथम–इन्फोरमेशन कम्प्यूटर टैक्नोलोजी एवं द्वितीय इण्डिन कस्टम एवं ट्रेडिशन, यदि ये दोनों मिल जाये तो व्यक्ति जीवन मे सफलता के शिखर पर पहुँच जायेगा" यह विचार थे अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के.

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 01 अगस्त, 2015 को वाणिज्य विभाग संभाग तृतीय में परिचय व स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय के संभाग प्रथम के सभागार में किया गया. बी.कॉम. (कम्प्यूटर एपलिकेशन) तथा बी.कॉम. आनर्स प्रथम वर्ष के नवागन्तुक विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता तथा मुख्य वक्ता सी.ए. संतोष कुमार अग्रवाल चैयरमेन (आई.सी.ए.आई., फरीदाबाद बॉच) थे. सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को अपने जीवन मे सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया और बताया कि पढाई के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यावसाय उपयोगी कोर्सों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है और इन कोर्सों का लाभ लेकर भविष्य में कही भी किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं.

कार्यक्रम के संयोजक और वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० प्रवीण कुमार गुप्ता ने समस्त विभागों साहित्य परिषद तथा कॉलेज के नियमों की जानकारी दी. इस सुअवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता एवं स्ववित्तीय संस्थान के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे. सी.ए. संतोष कुमार अग्रवाल चैयरमेन (आई.सी.ए.आई., फरीदाबाद बॉच) ने अपने प्रेरक उद्‌बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महाविद्यालय प्राचार्य, डायरेक्टर हैं एवं समस्त विद्यार्थी अभिनेता अभिनेत्री है, उनके सही मार्गदर्शन में विद्यार्थी अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकते है. इस कार्यक्रम से प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अत्यन्त उत्साहित एवं प्रसन्नचित्त दिखाई दिये. वाणिज्य विभाग की समस्त प्रवक्ताओं के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.